दिनांक–20.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालिंपिक के भारतीय खिलाड़ियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की बात।
- सरकार ने कहा– केंद्र सरकार में दशकों से चली आ रही लेटरल एंट्री भर्ती।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जन–कल्याण की योजनाओं में बहनों की भूमिका बढ़ी।
- मानसून ने दिखाए अलग–अलग रंग, कल से फिर शुरू हो सकता है बारिष का दौर।

प्रधानमंत्री–पैरालिंपिक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालिंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के साथ आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की। पेरिस पैरालिंपिक इस महीने की 28 तारीख से शुरू हो रहे हैं। इस दौरान श्री मोदी ने कहा कि पेरिस जाने वाले खिलाड़ी भारत के ध्वज वाहक की तरह जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके जीवन और उनके खेलों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यात्रा देश के लिए भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पैरा एथलीट इस मुकाम पर पहुंचकर यह दर्शाते हैं कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी वह कितने सशक्त हैं।

सरकारी–लेटरल एंट्री

संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी द्वारा की जा रही लेटरल एंट्री भर्ती पर सरकार ने कहा है कि केंद्र सरकार में लेटरल एंट्री दशकों से चली आ रही है। विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भी 1971 में लेटरल एंट्री के ज़रिए सरकार में आए थे, जब उन्हें विदेश व्यापार मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। सैम पित्रोदा को 80 के दशक में राजीव गांधी के प्रशासन के दौरान भारत सरकार में लाया गया था। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार बिमल जालान, कौशिक बसु और रघुराम राजन लेटरल एंट्री के ज़रिए ही आए थे। मोंटेक सिंह अहलूवालिया को शिक्षाविदों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से सरकारी भूमिकाओं में लाया गया था और उन्होंने 2004 से 2014 तक योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में काम किया। नंदन नीलेकणी को 2009 में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई का प्रमुख नियुक्त किया गया था। श्री मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस व्यवस्था में बदलाव करते हुए लेटरल एंट्री को और अधिक सुव्यवस्थित कर दिया है।

जम्मू–कश्मीर – अधिसूचना

जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी की जाएगी। इस चरण में अनंतनाग, शोपियां, कुलगाम, रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिलों की चौबीस विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण के लिए मतदान 18 सितंबर को होगा। केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची आज जारी होने की संभावना है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 90 लाख के करीब होने की उम्मीद है। क्षेत्रों और मतदाताओं का ब्यौरा देने वाली सूचियाँ इस बार विशेष रूप से महत्वपूर्ण होंगी, क्योंकि परिसीमन की प्रक्रिया के बाद कई विधानसभा क्षेत्रों की सीमाएँ बदल गई हैं और विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई है। लगभग 21 लाख मतदाता 20 से 29 वर्ष के युवा वयस्क हैं।

किडनी एम्स

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई दुष्कर्म की घटना के विरोध में चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बावजूद एम्स भोपाल से अच्छी खबर आई है। एम्स में कल किडनी का सफल प्रत्यारोपण किया गया। यह सफल प्रत्यारोपण यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टर के संयुक्त प्रयास से संभव हुआ है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ अजय सिंह ने कहा कि सभी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एम्स भोपाल मरीजों की सुविधा और उनके उपचार को लेकर बेहद संवेदनशील है, जिसके कारण हम प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दे पा रहे हैं। इस किडनी प्रत्यारोपण में किडनी दाता और प्राप्त करने वाले दोनों ही ठीक तरह से रिकवर हो रहे हैं और दोनों की जल्दी ही अस्पताल से छुट्टी की जाएगी।

मलेशिया प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। चर्चा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। श्री इब्राहिम के सम्मान में प्रधानमंत्री आज दोपहर भोज भी देंगे। श्री इब्राहिम कल रात तीन दिन की राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत और मलेशिया के बीच मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद दोनों पक्षों के बीच संबंध और अधिक प्रगाढ़ हुए हैं।

लोकतंत्र डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जन–कल्याण की योजनाओं में बहनों की भूमिका बढ़ी है। ऐसे में आधी आबादी का ध्यान रखेंगे, तो सरकार और व्यवस्था अपने आप सुचारू रूप से चलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण दिया जाना एक बड़ा फैसला है। इससे दुनिया भारतीय लोकतंत्र की ताकत को देख सकेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात सोमवार को उज्जैन प्रवास के दौरान मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण के लिये अनेक योजनाएँ संचालित कर रही है। जन–कल्याण से जुड़े कार्यों में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिलने से वे जन–प्रतिनिधि के रूप में बखूबी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। इससे महिला वर्ग में आत्म–विश्वास भी जागृत हो रहा है। प्रदेश की अनेक महिला जन–प्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में अनूठे नवाचार भी कर रही हैं।

मौसम अपडेट

राज्य में मानसून के दो रंग दिखाई दे रहे हैं। कहीं गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है वहीं, कुछ जिलों में बारिश हो रही है। उज्जैन, नर्मदापुरम और नरसिंहपुर जिलों में कल अधिकतम तापमान 34 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। अधिकांश जिलों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के उपर दर्ज हुआ। कल सिवनी, गुना, नर्मदापुरम, शिवपुर, मंडला, रीवा और सतना में बारिष हुई। भोपाल में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज से प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर दोबारा शुरू हो सकता है। कल तक की स्थिति में प्रदेश में औसत से 10 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। पूर्वी मध्य प्रदेश के जिलों में 9 प्रतिशत और पश्चिमी मध्य प्रदेश के जिलों में औसत से 11 प्रतिशत ज्यादा पानी बरस चुका है।

राज्य स्तरीय कुश्ती

बैतूल जिले में इस वर्ष भी भुजलिया पर्व के अवसर पर 142वीं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आज 20 अगस्त मंगलवार को पशु बाजार, सदर, बैतूल में आयोजित होगी। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे से होगी, जिसमें विभिन्न जिलों और प्रदेशों के पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डी.डी. उइके, केंद्रीय राज्य मंत्री उपस्थित रहेंगे, जबकि विशेष अतिथि के बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल उपस्थित रहेंगे।

बंदियों को राखी

भाई–बहन का पर्व रक्षा बंधन कल पूरे प्रदेष में धूमधाम से मनाया गया। प्रदेष की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने जिले की महिला जन–प्रतिनिधियों के साथ जिला जेल मंडला के बंदियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। उन्होंने बंदियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई दी और उनके सुखमय भविष्य की कामना की। सभी बंदी भाइयों ने हर्षोल्लास के साथ राखी बंधवाई। उधर, डिंडोरी में दोपहर में शुभ मुहूर्त शुरू होते ही बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और तरक्की की कामना की। वहीं, खंडवा की शहीद जननायक टंट्या भील जिला जेल की अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी ने बताया कि जो भाई किसी कारण से अपराधों में लिप्त होकर जेल में बंद है, उनकी कलाई सुनी ना रहे इसलिए जेल प्रशासन ने बहनों के लिए विशेष व्यवस्था की थी। जेल में बंद कैदियों को भी उनकी बहनों ने राखी बांधी।

सावन समापन

सावन माह के अंतिम सोमवार के अवसर पर कल राज्य के सभी शिवालयों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। उज्जैन में बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाली गई। वहीं, गुना में झमाझम बारिश के बीच ईदगाहबाड़ी स्थित लवकुश मंदिर से भगवान महाकाल की भव्य पालकी निकाली गई। बैंड–बाजे के साथ पालकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि सावन की शुरुआत इस बार सोमवार से हुई तो समापन भी सोमवार को हुआ। इसलिए अंतिम सोमवार भी खास बन गया।

समाचार संक्षेप में .....

– धार जिले में क्षमता से अधिक सवारी का परिवहन करने वाले 49 वाहनों के चालान बनाए गए। चालानी कार्यवाही में कुल 67 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

– विष्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव 'नरेला रक्षाबंधन महोत्सव' का कल एकतापुरी दशहरा मैदान से शुभारंभ हुआ। इस मौके पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग को बहनों ने राखी बांधी।

– धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का मुख्यालय उज्जैन से संचालित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल यहां विभाग के

..................................